तापमान

अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, मंगलवार, 1 जुलाई 2025

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]



11 राहगीर से नकदी लूटकर फरार हुए दो अन्य आरोपी...






12 शहर में नकली जूस, चायपत्ती, आइसक्रीम, चाकलेट ...




## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 114 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**धमतरी**। जिले में एक जून से अब तक 114.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से मिली जानकारी के मुताबिक जिले में अब तक



सर्वाधिक औसत वर्षा 160.8 मिमी धमतरी तहसील और सबसे कम 63.7 मिमी औसत वर्षा मगरलोड तहसील में दर्ज की गई है। इसी तरह नगरी तहसील में 139.5 मिमी, नगरी तहसील में 129.1 मिमी, बेलरगाव तहसील में 125 मिमी, कुकरेल तहसील में 106 मिमी और कुरूद तहसील में 78.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले में आज की औसत वर्षा 43.4 मिमी दर्ज की गई है। इसमें धमतरी तहसील में 64.5 मिमी, कुरूद तहसील में 31.7 मिमी, मगरलोड में 29.7 मिमी, नगरी में 34.7 मिमी, भखारा में 39.4 मिमी, कुकरेल तहसील में 45 मिमी और बेलरगांव तहसील में 59 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### इंडोर स्टेडियम में आज योगाभ्यास



**धमतरी**। क्रीड़ा भारती एवं जिला कुश्ती संघ के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग का आयोजन किया जा रहा है। क्रीड़ा भारती के अध्यक्ष लक्ष्मण साहू ने बताया कि 1 जुलाई को सुबह 6.30 बजे इंडोर स्टेडियम आमातालाब में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान लोगों को योग के साथ नशामुक्ति तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम में लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

### अरौद में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव आज

**मगरलोड**। विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव 1 जुलाई मंगलवार को सुबह 11 बजे पीएम श्री प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला अरौद में रखी गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्याम साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष होंगे। अध्यक्षता विरेन्द्र साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि टीकाराम कंवर कृषि सभापति जिपं धमतरी, खिलेश साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड, मीना साहू सभापति जिपं धमतरी, विशिष्ट अतिथि नंदनी साहू जनपद पंचायत सभापति, सरिता कश्यप जनपद पंचायत सभापति, नरेश सिन्हा भाजपा जिला उपाध्यक्ष, कल्याण सिंह राजपूत अध्यक्ष मेघा मंडल, रोहित मोहन साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष मगरलोड, राजेश साहू सभापति जनपद पंचायत, कृष्ण कुमार ध्रुव सभापति सहकारिता विभाग जनपद पंचायत, सरपंच पेखन साहू अरौद होंगे।

### युवाओं को मिलेगा सुरक्षा गार्ड का निःशुल्क प्रशिक्षण

**धमतरी**। राज्य शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में सुरक्षा गार्ड का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए आठवीं पास, न्यूनतम 5 फीट 6 इंच वाले पुरूष आवेदक 5 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। सहायक परियोजना अधिकारी लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि इच्छुक आवेदक शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साइज फोटो आदि दस्तावेज के साथ सुबह 10 से शाम साढ़े पांच बजे तक सिविल कोर्ट के पास स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में आवेदन जमा कर सकते हैं।

यू डाइस के आधार पर डिस्प्ले नहीं होंगी आरटीई की रिक्त सीटें

# नहीं आया आदेश, बची हुई सीटों पर ही दूसरे चरण का आरटीई दाखिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




अब तक आरटीई की सीटों को बढ़ाने के लिए आदेश नहीं आया है। उधर दूसरे चरण में आरटीई प्रवेश की प्रक्रिया आज से शुरू हो रही है। ऐसे में पहले चरण के प्रवेश के बाद बची हुई 208 सीटों पर ही दूसरे चरण में प्रवेश दिया जा सकेगा। इसमें भी बड़े स्कूलों में तो सीटें फुल हो चुकी हैं। छोटे छोटे स्कूल ही बाकी हैं, जहां पर एडमिशन दिलाने में पालक ज्यादा रूचि नहीं लेते हैं।

आरटीई के तहत स्पष्ट उल्लेख है कि निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत सीट आरटीई के तहत आरक्षित रखी जानी है। दो साल पहले इस नियम में फेरबदल करते हुए स्कूली क्षमता नहीं बल्कि दर्ज संख्या का 25 प्रतिशत आरटीई के तहत आरक्षित करना शुरू कर दिया गया। इससे लगातार आरटीई के तहत आरक्षित सीट कम होती जा रही है। इस साल राज्य की विष्णुदेव सरकार ने पुराने नियम को फिर से लागू करने का ऐलान किया है। यह घोषणा पहले चरण की लॉटरी निकलने के बाद की गई। इस घोषणा के बाद आरटीई के लाभ से वंचित पालकों में उम्मीद जाग उठी थी कि दूसरे चरण में उन्हें मौका मिलेगा। पुराने नियम के लागू होने से दूसरे चरण में सीटों की संख्या में अच्छी खासी बढ़ोतरी होती। विडंबना यह है कि अब तक पुराने नियम को लागू करने के लिए शिक्षा विभाग में आदेश नहीं आया है। ऐसे में आरटीई के पहले चरण में एडमिशन से बच गई सीटों को लेकर ही दूसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### बची हुई है 208 सीट

आरटीई के पहले चरण की प्रवेश प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है। आरटीई के तहत 196 स्कूलों ने अपना पंजीयन कराया था। इन स्कूलों की दर्ज संख्या को आधार मानकर 1097 सीट आरटीई के तहत आरक्षित रखी गई थी। इन सीटों के विरूद्ध पहले चरण में 3449 आवेदन मिले थे, जिसमें से विभिन्न प्रकार की त्रुटियों के चलते 1189 आवेदन रिजेक्ट हुए थे। बाकी बचे आवेदनों को लेकर लॉटरी निकाली गई। सिलेक्ट बच्चों में से 109 तो एडमिशन के लिए आए ही नहीं। वहीं 15 बच्चे एडमिशन लेने के बाद स्कूल नहीं आए। ऐसे में अब तक 889 बच्चों का ही दाखिला हो पाया है। बाकी बची सीटों को लेकर दूसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### आज से शुरू होगी फिर से दाखिले की प्रक्रिया

आरटीई के तहत दूसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया के लिए लोक शिक्षण संचालनालय ने शेड्यूल जारी कर दिया है। इस शेड्यूल के अनुसार 1 जुलाई से 12 जुलाई तक प्रवेश के लिए आवेदन लिए जाएंगे। इससे पहले जिला शिक्षाधिकारी द्वारा स्कूलों का सत्यापन और सीटों का वास्तविक प्रकटीकरण किया जा चुका है। 2 जुलाई से लेकर 19 जुलाई तक नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की जांच एवं आवेदकों को त्रुटि सुधार के लिए सूचना दी जाएगी। स्कूलों में दाखिले की प्रक्रिया 25 से 31 जुलाई तक होगी।

# हाइवा-बाइक की टक्कर से दो युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- सिहाद व बस्तर रोड की घटना






तेज रफ्तार हाइवा की ठोकर से बाइक चालक की मौत हो गई। वहीं बाइक की ठोकर से गंभीर रूप से घायल साइकिल सवार ने अस्पताल में दम तोड़ दिया है।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम भेण्डरवानी निवासी टीकम कुमार साहू पिता कृपालराम उम्र 32 वर्ष रोजी मजदूरी का काम करता था। युवक रविवार की सुबह काम के सिलसिले में अपनी मोटरसाइकिल से भखारा गया था। जहां से दोपहर बाद मोटरसाइकिल से वापस अपने घर भेण्डरवानी लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम सिहाद के रेस्ट हाउस के पास तेज रफ्तार हाइवा क्रमांक सीजी 08 एआर 0751 ने उसकी मोटरसाइकिल को चपेट में ले लिया। हाइवा की ठोकर से टीकम बाइक समेत दूर जा गिरा। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिये मसीही अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने चेक अप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया।

दूसरी सड़क दुर्घटना रविवार की रात्रि बस्तर रोड में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार भर्रीपारा सोरिद निवासी सतीश यादव पिता दिनदयाल उम्र 28 वर्ष रविवार की रात्रि बस्तर रोड स्थित काली मंदिर की तरफ साइकिल से गया। जहां से युवक साइकिल चलाते नेशनल हाईवे से होकर घर सोरिद लौट रहा था। इसी दौरान बाइक क्रमांक सीजी 05 एडी 1007 से राहुल साहू पिता संतराम उम्र 29 वर्ष सोरिद, राकेश कुमार सिन्हा पिता हरिराम उम्र 35 वर्ष अपने एक अन्य साथी के साथ एक ही बाइक में सवार होकर गुजर रहे थे। बस्तर रोड स्थित काली मंदिर के पास तेज रफ्तार बाइक चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाकर साइकिल सवार सतीश को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में साइकल झाड़ियों में जा गिरी वहीं सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर के बाद बाइक सवार राहुल व राकेश भी घायल हो गया। जबकि तीसरा साथी मौके से भाग गया। सूचना पर रक्तदान के शिवा प्रधान व डोमन साहू तत्काल घटनास्थल पहुंचे और तीनों घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां सतीश की गंभीर हालत को देख डाक्टर ने उसे रायपुर रिफर कर दिया। वहीं दो घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद वार्ड में भर्ती किया गया। रिफर घायल साइकिल सवार को मेकाहारा में भर्ती किया गया था। उपचार के दौरान घायल की सोमवार की सुबह मौत हो गई। शव का रायपुर से पंचनामा व पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।





# सत्र न्यायाधीश ने किया जेल का निरीक्षण



**धमतरी**। जेल की सुरक्षा और सुविधा को चाक चौबंद रखने के उद्देश्य से जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामकुमार तिवारी ने सोमवार को जिला जेल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल के सभी बंदी बैरकों का निरीक्षण कर जेल में निरूद्ध बंदियों से उनकी विधिक एवं अन्य समस्याओं से अवगत होते हुए जेल के समस्त प्रभाग, जेल अस्पताल, पाकशाला, स्कूल, वीडियो कार्फ्रेंसिंग हाल का भ्रमण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान सहायक जेल अधीक्षक एनके डहरिया एवं जेल के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।


online Booking:-www.tripuryatra.com

दार्जिलिंग गैंगटोक




14 अगस्त, 7 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 20 दिसंबर 205

हिमालयन रेवले, टाईगर हील, बतासिया लुप, दार्जिलिंग रोपवे, नाइटिंगले पार्क, रूमटेक मॉनिस्ट्री, गनेश टॉक, हनुमान टॉक, एम.जी. मार्केट, नाथुल्ला पास, चांगू लेक, बाबा हरभजन टेम्पल

राशि:-स्लीपर 13500/-, 3 एसी 22,500/- (+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR: D-26, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA: Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411



पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969








हाटकेश्वर नागपंचमी महोत्सव 2025

काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान

28 एवं 29 जुलाई 2025

नागपंचमी पर्व पर सिद्ध पीठ नागमंदिर हटकेशर मे काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान त्र्यबंकेश्वर ज्योर्तिलिंग के विद्वान पंडितो के सान्निध्य में किया जाएगा।

पंजीयन 2101/- रूपए

9993157703, 8319628583 9340292572, 9589261876



हाथ पैर में दर्द होना, जोड़ो में दर्द व सूजन, गठिया वात, साइटिका, झिनझिनी वात, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, अकड़न, नसरोग व लकवा रोग में

तुरंत आराम के लिए

| दवा का नाम | कीमत |
|---|---|
| 1. टेब. रूमारेक्स जी.एस.आर. | 30 टेब. का 700/- रू. |
| 2. टेब. कैल्सिओस्ट | 30 टेब. का 150/- रू. |
| 3. ऑइल स्नायुकल्प | 100 मिली का 250/- रू. |
| 4. चूर्ण नेचुरली | 100 ग्राम का 150/- रू. |
| | टोटल - 1220/- रू. |
| 5. अन्य : आर-फीट गोल्ड माल्ट | कीमत - 550/-रू. |

– दवाई मिलने का स्थान –

तुलसी आयुर्वेदिक दवा की दुकान

बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी

(सुबह 10 से 5 बजे तक) मो. 9993010732



चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक

स्थायी ईलाज

विशेषताएं- पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)




डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ

सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)

डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी

मो. 86027-50020



तुरंत आराम के लिए

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय

पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732

लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज

चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज

पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज

बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज

पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज

स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज

बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### जनदर्शन में आवेदन लेकर पहुंची महिला, कलेक्टर ने डीईओ को दिए कार्रवाई के निर्देश

# पुराना स्कूल हुआ बंद, बेटी को आरटीई के तहत दूसरे स्कूल में दाखिला दिलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धमतरी निवासी श्रीमती पूजा नाग ने कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से अपनी बेटी का दाखिला आरटीई के तहत प्राइवेट स्कूल में कराने संबंधी आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंचीं। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी मानवी नाग नर्सरी की कक्षा में गुरूनानक स्कूल में पढ़ रही थी। अब वह स्कूल बंद हो चुका है। श्रीमती पूजा नाग ने अपनी बेटी की आगे की पढ़ाई के लिए आरटीई के तहत दूसरे प्राइवेट स्कूल में दाखिला कराने की मांग कलेक्टर के सामने रखी। कलेक्टर श्री मिश्रा ने इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में कुरूद विकासखण्ड के दर्रा में संचालित



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षकों द्वारा शाला विकास समिति के सदस्यों और ग्रामीणों के प्रति अभद्र व्यवहार की शिकायत भी कलेक्टर से की गई है। कलेक्टर ने इस पर जांच कर जिला शिक्षा अधिकारी को तीन दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर जनदर्शन में विभिन्न समस्या, शिकायत और मांग संबंधी कुल 35 आवेदन मिले।

जनदर्शन में मगरलोड तहसील के ग्राम धौराभाठा के रामप्रसाद देवदास ने कलेक्टर श्री मिश्रा से मिलकर बताया कि उनका मकान अत्यंत जर्जर हो चुका है और बारिश सें मकान के टूटने का डर बना रहता है। श्री देवदास ने पक्का मकान बनाने के लिए सहायता राशि की मांग की।

---

## संगठित युवाओं से ही समाज का सर्वांगीण विकास : मिश्रीलाल

- पटेल समाज की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सहित सात राज के पदाधिकारी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगर के राजाबाड़ा स्थित माई दंतेश्वरी मंदिर के समीप कोसरिया मरार पटेल समाज धमतरी जिला जोन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी कार्ययोजना पर विचार कर समाज की एकजुटता पर जोर दिया। अन्य विषयों पर चर्चा की गई।

सर्वप्रथम समाज की आराध्य देवी मां शाकम्भरी व प्रभु रामचन्द्र की पूजा-अर्चना कर बैठक प्रारंभ की गई। धमतरी जिला अध्यक्ष मिश्रीलाल पटेल ने आगामी कार्ययोजना, संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण, कार्यकारिणी विस्तार व अन्य विषयों को परिचर्चा के लिए रखा जिसमें प्रदेश भर से आए सभी पदाधिकारी व राज अध्यक्षों ने अपने-अपने सकारात्मक विचार व सुझाव दिए। प्रदेश संरक्षक अमरसिंह पटेल, प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज के युवाओं को सामाजिक, धार्मिक कार्यों के साथ ही राजनैतिक व जनहित कार्यों में भी निःस्वार्थ भाव से कार्य करें। हर वर्ष जिला स्तरीय महासम्मेलन का आयोजन करने की बात कही।

जिला अध्यक्ष मिश्रीलाल पटेल ने कहा कि युवा समाज की रीढ़ है। शिक्षावान, संस्कारवान, अनुशासित, संगठित युवाओं से ही समाज का सर्वांगीण विकास संभव है। युवाओं को सशक्त बनाने, संग़ठन को मजबूत करने व बेहतर समाज बनाने के लिए सभी आगे आएं।

बैठक में जिला उपाध्यक्ष खेलू राम पटेल, कोषाध्यक्ष लीलार सिंह पटेल, महामंत्री कुबेर सिंह पटेल, संगठन सचिव कुबेर पटेल, धमतरी जिला संरक्षक बिशेषर पटेल, प्रदेश सलाहकार बंशीलाल पटेल, जिला संरक्षक सौभाग्य पटेल, जिला सचिव दिलीप पटेल, जिला सहसचिव राधेलाल पटेल, उपकोषाध्यक्ष कपिल पटेल, दिलीप पटेल, संगठन सचिव नरेश कौशल, जिला उपाध्यक्ष केश कुमार पटेल, सहित बगौद राज अध्यक्ष सियाराम पटेल, जांमगाव राज अध्यक्ष कपिल पटेल, सिहावा राज अध्यक्ष कन्हैयालाल कौशल, नगरी राज अध्यक्ष वामदेव कौशल, पार्षद असकरण पटेल, सिहावा राज राजा लतखोर पटेल ,खुटैत नारायण पटेल, उपाध्यक्ष मोतीलाल पटेल, सचिव डिलेश्वर पटेल, कोषाध्यक्ष दिलीप पटेल, बृजलाल पटेल, कुंजलाल पटेल, राकेश पटेल, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सिहावा राज सियाराम शरण पटेल, उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी राजू पटेल, संगठन मंत्री बेदनसिंह पटेल, प्रेमलाल पटेल, अगनू राम पटेल, अशोक पटेल, मानिक राम पटेल, हरचंद पटेल, संतोष पटेल, सोपसिंग पटेल, मिथिलेश पटेल सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

---

### भक्तों ने शीतला मंदिर प्रांगण की सात बार परिक्रमा की

## बेलरगांव में माता पहुंचानी पर हुआ भजन-कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

बेलरगांव में माता पहुंचानी का कार्यक्रम हुआ। इस दौरान माता सेवा दल के उमेश देवांगन, हरिदेव पटेल, भुवन दास, उमेंद मरकाम, भूषण पटेल, देवकरण यादव, रिखभचंद सोनी, हेमंत प्रसाद ठाकुर, नंदलाल साहू, देवेन्द्र साहू, रमेश नेताम, गणपत यादव, श्रीराम पटेल, प्रकाश सेन, बरसन मरकाम ने भजन कीर्तन करते शीतला मंदिर प्रांगण की सात बार परिक्रमा



की। गायता अमर सिंह पटेल एवं देव समिति ने मावली माता और शीतला माता से कहा कि हमसे कोई भूल हुई हो तो आप हमें रास्ता बताएं और आशीर्वाद दें। गांव सुख शांति रहे। उसके बाद पूजा अर्चना कर जिन-जिन लोगों पर माता आई थी, उन पर तिलक टीका लगाया गया और नारियल तोड़कर प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर लीलाम्बर सिंह साहू अध्यक्ष कृषि एवं ग्राम विकास समिति बेलरगांव, चुन्नू लाल साहू, जितेंद्र प्रजापति उपाध्यक्ष, कोमल सोरी कोषाध्यक्ष, शेखर आडिल सचिव, देव समिति सदस्य मेधुराम नेताम, भानुराम नेताम, सुरेश कुमार कोर्राम, खिरभान सिंह पवार, पवन पटेल, दुखुराम, भोलाराम बंजारे, रमलू कुंजाम, घनश्याम विश्वकर्मा, पुनऊ राम जुर्री, फगनू राम कुरे, धनराज ध्रुव, आसकरण, तुलसीराम देवांगन, सुरेश देवांगन, उमेश साहू, बलीराम देवागन, जगुराम सोरी, प्रभुराम, सुरेश कुलदीप, प्रीतम साहू, माधव नाग, हीरासिंह कोर्राम, श्याम कुमार, धन्नु यादव उपस्थित थे।

---

### निधन

#### ताराचंद लूनिया

**धमतरी।** शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी, धर्मनिष्ठ, सुश्रावक ताराचंद लूनिया उम्र 81 वर्ष का रायपुर के निजी अस्पताल में इलाज



के दौरान 30 जून को स्वर्गवास हो गया । उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार 1 जुलाई को सुबह 10 बजे निज निवास साल्हेवारपारा से शांति घाट जाएगी। वे मूलचंद, सुरेश, रमेश, देवीचंद, मनोज, राजकुमार के भाई एवं धनराज, राकेश, भावेश पिता थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये। इनके निधन की खबर मिलते ही पूरे जैन समाज में शोक की लहर दौड़ गई।

#### सतीश कुमार

**धमतरी।** भर्रीपारा सोरिद वार्ड निवासी सतीश कुमार यादव पिता दीनदयाल यादव उम्र 26 वर्ष का आकस्मिक निधन 30 जून को हो गया। वे रामस्वरूप यादव के छोटे भाई थे। अंतिम संस्कार सोरिद स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

#### डॉ. उदय आनंद सिंह ध्रुव

**अंवरी।** ग्राम अंवरी निवासी कुलंजन सिंह के पुत्र डॉ. उदय आनंद सिंह ध्रुव 49 वर्ष का आकस्मिक निधन 27



जून को हो गया। वे अपने पीछे अपना भरा- पूरा परिवार छोड़ गए। वे श्रीमती आभा ध्रुव के पति एवं रूद्रेश्वर ध्रुव, खेम ध्रुव, दिग्विजय ध्रुव के भाई थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के शांतिघाट में हुआ जिसमें गोविन्द ध्रुव, परसराम, कालीचरण, युगलकिशोर, ओमप्रकाश, अनुज, रोहित, योमन समेत परिवारजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

---

## माता ने पुष्प गिराकर भक्तों को दिया आशीर्वाद



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सिहावा के शीतला माता मंदिर में जुड़वास का कार्यक्रम हुआ। मंदिर पुजारी ज्ञानसागर पटेल ने बताया कि जुड़वास के दौरान मां शीतला से अच्छी वर्षा एवं लोगों को रोगों से मुक्त रखने आशीर्वाद मांगा गया। गांव के प्रत्येक घर से आए हल्दी पानी से नीम के पत्ते से माता को स्नान करवाया गया। उसके बाद स्नान कराये हुए हल्दी पानी को घरों व खेत खलिहान में छिड़का जाता है। साथ ही जिन पर पर माता आई रहती है, उस पर भी इस जल का छिड़काव होता है। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। माता ने पुष्प गिराकर भक्तों को आशीर्वाद दिया।

---

## डॉ. सुरेंद्र ने हास्य और व्यंग्य के माध्यम से समाज की सच्चाई को किया उजागर

- प्रेस क्लब ने दी पद्मश्री श्री दुबे को भावपूर्ण श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध हास्य कवि एवं पद्मश्री से सम्मानित डॉ. सुरेंद्र दुबे को कुरुद प्रेस क्लब ने दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पत्रकारों ने कुरुद से जुड़ी उनकी यादों को साझा कर उन्हें कुरुद सहित पूरे प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

रविवार को दोपहर कुरुद प्रेस क्लब की आवश्यक बैठक विश्राम गृह में आहूत की गई थी। जिसमें प्रेस क्लब से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर आवश्यक चर्चा पश्चात हास्य कविता के शिखर पुरुष डॉ सुरेंद्र दुबे को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान प्रेस क्लब के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार कृपाराम यादव ने कहा कि



कवि डॉ. दुबे जी से कुरुदवासियों का आत्मीय जुड़ाव हो गया था, जो समय के साथ गहरा होता जा रहा था। उनके संचालन में ही बीते दो दशक से हर वर्ष होली की पूर्व संध्या पर रसरंग कवि सम्मेलन में वे अपनी रचनाओं से श्रोताओं को हंसाते और मंत्रमुग्ध करते रहे। उनकी वहीं यादें कुरुदवासियों की स्मृतियों में सदैव जीवंत रहेगी। उन्होंने कहा कि पं. दुबे ने हास्य और व्यंग्य के माध्यम से समाज की सच्चाई को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया और छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया।

इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष मूलचंद सिन्हा, महासचिव रूपेश साहू, पूर्व अध्यक्षगण जमाल रिजवी, धनसिंग सेन, गणेश साहू, अजय केला, कृपाराम सिन्हा, रवि शर्मा, यशवंत गंजीर, योगेश साहू, दीपक साहू आदि मौजूद थे।

---

## दुगली में श्रद्धा से मनाया गया जुड़वास का पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम दुगली की पुरानी बस्ती में स्थित शीतला मंदिर में सोमवार को माता पहुंचानी जुड़वास का पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। यह पर्व हर साल आषाढ़ शुक्ल पक्ष के सोमवार को मनाया जाता है। सबसे पहले माता शीतला मंदिर की सात बार परिक्रमा की गई। उसके बाद श्रद्धालु द्वारा लाए गए तेल, हल्दी, चावल, अगरबत्ती, नारियल को पुजारी को शीतला माता के पूजा के लिए दे दिया जाता है। पूजा करने के बाद तेल हल्दी पानी को मिश्रण करके नीम के पत्तों से श्रद्धालुओं पर छिड़काव करते हैं तथा शीतला माता से गांव की सुख शांति और गांव के समस्त जीव जंतु को रोगमुक्त हो इसके लिए आशीर्वाद मांगते हैं। इस मौके पर पुजारी गुलेश नेताम, पटेल सीताराम नेताम, वरुण देव नेताम, बसंत टंडेश, चंद्रभान नेताम, शंभु मरकाम, गोपाल यादव, संतराम नेताम, चमन सोरी ,रवि कुमार यादव, बलराम डोंगरे, सोनदेव मरकाम समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

---

## जिले की सोसाइटियों में ऋण वितरण सुस्त : नरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭पुरी

जिले की 74 सहकारी समितियों में सभी खाद पर्याप्त मात्रा में लगभग भंडारित है परंतु अधिकांश समितियों में डीएपी अथवा एनपीके का समिति डिमांड के आधार पर पर्याप्त भंडारण नहीं होने से ऋण वितरण धीमी गति से चल रहा है। मानसून सक्रिय होने से बरसात अब प्रारंभ हो चुकी है। इससे जिले की समितियों में किसान भारी मात्रा में ऋण लेने आ रहे हैं। परंतु पर्याप्त मात्रा में डीएपी अथवा एनपीके नहीं मिलने से पर्याप्त भंडारण समितियों में नहीं हो पा रहा है। इसके कारण इस वर्ष ऋण वितरण का लक्ष्य सुस्त हो रहा है। नरेंद्र कुमार साहू जिला कार्यवाहक अध्यक्ष ने छग





शासन एवं जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि डीएपी अथवा एनपीके का भंडारण जिले की सभी समितियों में पर्याप्त मात्रा में समय पर किया जाए। खुले बाजार में भी पर्याप्त डीएपी और एनपीके नहीं होने से अऋणी किसान भी अब समितियों से जुड़ रहे हैं। बिना ब्याज के अल्पकालिक ऋण प्राप्त करने वालों की संख्या में वृद्धि हुई है।

---

## पर्यावरण संतुलन के लिए पौधारोपण आवश्यक

- बोहराडीह में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपे गए पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭पुरूर(धमतरी)

ग्राम पंचायत बोहराडीह में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जनपद अध्यक्ष सुनीता साहू एवं पंचायत पतिनिधियों ने पौधरोपण कर उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सुनीता साहू ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण और पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण आवश्यक है। पर्यावरण बचाने के लिए हर नागरिक को एक पौधा



अवश्य लगाना चाहिए। उन्होने कहा कि पेड़ पर्यावरण एवं प्रदूषण को रोकता है वहीं दूसरी ओर हमें फल और छाया के साथ ही साथ हमें विभिन्न प्रकार की औषधि भी देता है। पेड़ पृथ्वी के एक अनमोल आभूषण के समान है।

भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष आदित्य पिपरे ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण और जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह न केवल हमें शुद्ध हवा और आक्सीजन प्रदान करता है बल्कि जलवायु परिवर्तन को भी नियंत्रित करने में मदद करता है। पेड़ से मिट्टी का कटाव रूकने से जल सरंक्षण में भी सहायता मिलती है। सरपंच राजेन्द्र साहू, जनपद सदस्य संतोष होरी साहू ने भी पर्यावरण संतुलन के लिए खेत खलिहान सहित खाली जगहों पर पौधे लगाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर उपसरपंच चांदनी मंडावी, पंच गणेशियाबाई, संजय साहू, भागवत साहू, भुवन साहू सहित पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

---

### कुरुदवासियों से किए वादे तोड़ चले गए कका : भानु

# वंदेमातरम परिवार ने हास्य कवि दुबे को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

पद्मश्री स्व. सुरेन्द्र दुबे को नगर पंचायत कुरूद में वंदेमातरम परिवार व नगर-क्षेत्र के जनता की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्व. सुरेन्द्र दुबे को श्रद्धांजलि अर्पित करते वन्देमातरम परिवार प्रमुख भानु चन्द्राकर ने कहा कि वे हमारी संस्था के आजीवन सदस्य रहे। उन्होंने कुरूद में लगातार 20 वर्षों तक हमारी संस्था के माध्यम से अपने नई कविताओं के माध्यम से नगर, क्षेत्र एवं जिलेवासियों को हंसाते रहे। वे हमारे प्रदेश के गौरव थे और हमारी संस्था के ब्रांड एम्बेसडर थे। उन्होंने वादा किया था



कि यहां के कवि सम्मेलन का रजत जयंती धूमधाम से मनायेंगे लेकिन कका ने वादा तोड़ दिया, कका ज़िंदा है का स्लोगन भी हमसे छीन लिया, कका हम सबको रूलाकर चले गये। अब किसके सहारे हमारे नगर-क्षेत्रवासी हंसेंगे। श्रद्धांजलि देना तो हमारे सनातन धर्म का संस्कार है किंतु बहुत दुःखी मन से हम लोग श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे हैं। यह अपूरणीय क्षति है , इसकी भरपाई करना असंभव जैसा है। इस अवसर पर शरद पंडा, रवि चन्द्राकर, भारत साहू, कमल शर्मा, पप्पी चैनवानी आदि उपस्थित थे।

#### हास्य दूत अब हम सबके बीच नहीं रहे : ज्योति

कुरूद नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने नगरवासियों की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि काका सुरेन्द्र दुबे हमारे नगर और घर दोनों से ही जुड़े थे। वे हम सबको रूलाकर चले गये । वे सबसे प्यारा और ज़िंदादिल इंसान थे। घर पर बैठे रहते तो भी हर पल हंसाते रहते थे। ईश्वर ने उन्हें हास्य दूत बनाकर हम सबके पास भेजे थे। काकाजी का जाना गमों का पहाड़ जैसा है। भगवान भोलेनाथ इस दुःख को सहने के लिये उनके परिजनों को शक्ति दें।

---

## बारिश के जोर पकड़ते ही कृषि कार्य में जुटे किसान

- धान फसल के साथ अब अरहर, तिल की बुआई भी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭डांडेसरा(धमतरी)

ग्राम डांडेसरा के साथ अंचल के ग्राम भालुझूलन, कन्हारपुरी, भुसरेंगा, सेमरा डी, सेनचुवा, डाही के किसानों ने धान फसल की बुआई करने के साथ अब अरहर, तिल की बुआई भी शुरू कर दी है।

ग्राम सेनचुवा निवासी किसान टोकेश्वर नेताम ने बताया कि किसानों में कृषि कार्य को लेकर काफी जागरूकता बढ़ी है, जिससे खेतों की मेड़ का भी सही उपयोग हो रहा है। किसान खेतों की मेड़ पर अरहर, तिल के साथ जिमीकंद, हल्दी, भिंडी भी लगा रहे हैं, साथ ही पौधरोपण भी किया जा रहा है ताकि आने वाले समय में बिगड़ते



पर्यावरण के दुष्प्रभाव को नियत्रंण किया जा सके। खेतों में लगाने योग्य बहुत से ऐसे पेड़ हैं जिससे फसलों को कम नुकसान होता है और उससे कम समय में इमारती लकड़ी मिलती है। खम्हार, कसही, करही, बबूल, नीम, नारियल, रीठा, चंदन के पेड़ किसानों को मुनाफा देने वाले हैं। शासन द्वारा किसानों के लिए बहुत से योजना संचालित है। पेड़, बागवानी के लिए मदद मिलती है, जिसका फायदा किसान उठा सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### भाजपाइयों ने सुनी मोदी के मन की बात



**पुरी।** भोथली मंडल अंतर्गत भोथली शक्ति केंद्र के ग्राम सांकरा स्थित बूथ क्रमांक 70 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात की 123वीं कड़ी का भाजपा महामंत्री आनन्द स्वरूप मेश्राम, पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती पूर्णिमा बनपेला समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने श्रवण किया।

### शिक्षा से नैतिक और चारित्रिक मूल्यों का विकास



**नगरी।** शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला सिरसिदा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। नव प्रवेशित बच्चों का गुलाल लगाकर स्वागत कर खीर से मुंह मीठा कराया गया। पुस्तकें बांटी गई। मुख्य अतिथि सरपंच नरसिंग मरकाम ने कहा कि बच्चे इस देश के भविष्य हैं। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन सबसे अहम पड़ाव होता है। शिक्षा से नैतिक और चारित्रिक मूल्यों का विकास होता है। बच्चों को व्यसन से दूर रहना चाहिए। जनपद सदस्य प्रेमलता नागवंशी ने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव बच्चों को स्कूल से जोड़ता है। शिक्षा के प्रति साकारात्मक सोच विकसित करता है। इस अवसर पर उपसरपंच भूषण साहू, उमाशंकर नागवंशी, बलराम पंच भुनेश्वरी ध्रुव, प्रधान पाठक आर. यादव समेत पालकगण मौजूद रहे।

### सहकारी केंद्रीय बैंक संबलपुर के लेखापाल को दी गई विदाई



**धमतरी।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर की शाखा संबलपुर में पदस्थ सहायक लेखापाल सुशील माहेश्वरी को सेवानिवृत्त होने के पश्चात उनके सम्मान में समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नोडल अधिकारी बलराम पुरी गोस्वामी थे। पूर्व में पदस्थ शाखा पर्यवेक्षक ललित दास मानिकपुरी को स्थानांतरण होने पर इस कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शाखा मैनेजर कृष्णकुमार साहू, सुपरवाइजर बिहारी लाल साहू समिति प्रबंधक संतोष पटेल नेमार, बलदेवराम साहू, मुकेश साहू समेत संबलपुर बैंक के स्टाफ उपस्थित थे। ज्ञात हो कि श्री माहेश्वरी ने अपने जीवनकाल में बैंक में 41 वर्ष से अधिक सेवा दी है। उन्होंने अधिक समय शाखा धमतरी के बाद संबलपुर में व्यतीत किया है। शाखा संबलपुर के मैनेजर सहित नोडल अधिकारी ने श्री माहेश्वरी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए उनके कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र कुमार साहू समिति प्रबंधक छाती ने किया।

### ब्राह्मण समाज ने कवि सुरेंद्र को दी श्रद्धांजलि

**धमतरी।** ब्राम्हण समाज ने पद्मश्री कवि सुरेन्द्र दुबे को श्रद्धांजलि अर्पित की। समाज के पूर्व महासचिव भूपेंद्र मिश्रा ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि सुरेन्द्र दुबे का निधन न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि समाज के लिये अपूरणीय क्षति है। उन्होंने छत्तीसगढ़ी भाषा और संस्कृति का देश- विदेश में परचम लहराया। उनकी रिक्तता को पूरा प्रदेश महसूस करेगा। श्रद्धांजलि देने वालों में जानकी प्रसाद शर्मा, राजेन्द्र श्रोती, भूपेन्द्र मिश्रा, राम अवतार शर्मा, बीपी तिवारी, कमलनारायण तिवारी, अयोध्या पांडेय, कामता चौबे, चन्द्रशेखर दुबे, अजय त्रिपाठी, शत्रुघ्न पांडे, ललित शर्मा, रवि दुबे, नागेंद्र शुक्ला, राजेश तिवारी, राकेश दिवान, देवकांत द्विवेदी, मदन शर्मा, विनोद पांडे, प्रदीप शर्मा, लोकेश पांडेय, कमलेश तिवारी, लक्ष्मीकांत द्विवेदी, आशीष शर्मा, रमेश पांडे, सुरेन्द्र पांडे, जीवानंद पांडे, जितेन्द्र पांडे, राजू महराज, यशवन्त शुक्ला शामिल हैं।

कुरूद पुलिस ने की कार्रवाई, मुख्य आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुका है

# राहगीर से नकदी लूटकर फरार हुए दो अन्य आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

राहगीर से नकदी लूटकर फरार हुए आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। घटना के मुख्य आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

पुलिस कार्यालय में सोमवार को आयोजित प्रेसवार्ता में कुरूद एसडीओपी रागिनी मिश्रा ने खुलासा करते हुए बताया कि रामेश्वर सतनामी ग्राम राखी थाना कुरूद निवासी 16 जून को अपने बेटे कोमेश दास के साथ कुरूद स्थित बैंक आफ बड़ौदा शाखा से 25 हजार रूपये निकालकर अपनी पैंट की जेब में रख पैदल सेलून की ओर जा रहा था। रामेश्वर दोपहर को पुराना बस स्टैण्ड के पास स्थित वृन्दावन तालाब के पास लघुशंका करने रूक गया। इसी दौरान यज्ञ उर्फ जीवा दीवान, बंठा और धर्मेन्द्र ने रामेश्वर को जबरन पकड़कर उसकी जेब में रखी नकदी रकम को लूट लिया। विरोध करने पर पत्थर से मारपीट करने की धमकी देकर तीनों लुटेरे फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर कुरूद पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 309-4, 3-5 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। एसडीओपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देख पुलिस की अलग-अलग टीम गठित की गई। पुलिस तकनीकी विश्लेषण के आधार पर मुख्य आरोपी यज्ञ कुमार दीवान को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी ने अपराध स्वीकार करते हुए लूट के बंटवारे में 8 हजार रूपये मिलना बताया। उक्त राशि को जप्त कर पुलिस ने 17 जून को आरोपी यज्ञ उर्फ जीवा दीवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना के बाद से फरार चल रहे अन्य आरोपियों की पुलिस लगातार तलाश कर रही थी। पुलिस ने फरार आरोपी धर्मेन्द्र साहू उर्फ चुमन पिता विजय उम्र 18 वर्ष 7 माह निवासी सिरसा चौक पचरीपारा कुरूद व गौरव यादव उर्फ बंठा पिता त्रिभुवन उम्र 19 वर्ष इंदिरा नगर कुरूद निवासी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से न्यायियक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है। आरोपी गौरव उर्फ बंठा से एक बाइक कीमत 30 हजार रूपये एवं 10 हजार नकदी व धर्मेन्द्र से 700 रूपये जब्त किए गए। एसडीओपी रागिनी मिश्रा ने बताया कि आरोपी गौरव यादव उर्फ बंठा का पूर्व में भी आपराधिक रिकार्ड है। प्रेसवार्ता में कुरूद टीआई राजेश जगत व एसआई अजय सिंग उपस्थित रहे।




# सरईटोला स्कूल की रजत जयंती मनी सेवानिवृत्त प्रधानपाठक को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

माध्यमिक शाला सरईटोला की रजत जयंती मनाई गई। इस दौरान माध्यमिक शाला के सेवानिवृत्त प्रधानपाठक मोहनलाल साहू को विदाई दी गई। ज्ञात हो कि स्कूल की स्थापना वर्ष 1999 में हुई थी। आज 25 वर्ष हो चुके हैं। स्थापना दिवस को रजत जयंती के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहन लाल साहू सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक थे। अध्यक्षता हृदयराम नेताम सरपंच ने की। विशेष अतिथि प्यारेलाल नेताम, अध्यक्ष शा.प्र.स. उत्तम कुमार नेताम, अध्यक्ष शा.प्र.स. कीर्ति बाई नेताम, पूर्व जनपद सदस्य लताबाई नेताम, उपसरपंच सोनसिंह मरकाम, ग्रामीण अध्यक्ष सोनाराम नेताम, ग्राम प्रमुख सोमनाथ नेताम, ग्राम रमलू राम साहू शा.प्र.स. थे। सेवानिवृत्त प्रधानपाठक मोहनलाल साहू को सम्मान पत्र प्रदान किया गया। 25 सितंबर 1986 से कुल 39 वर्षों तक शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दिया है। नई शिक्षिका संगीता चंद्रवंशी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर जगराम नेताम, जय मरकाम, गन्नू नेताम, प्रधानपाठक गंगाराम नेताम, हेमन्त ठाकुर शिक्षक, थम्मनलाल साहू, ललिता देवी नेताम एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।




# टेऊंराम महाराज जन्मोत्सव : भक्तों ने लगाया अनानास का भोग



**धमतरी।** सद्गुरु स्वामी टेऊंराम महाराज के 139वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में जारी चालीहा महोत्सव के 40 वें दिन रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक चालीसा पाठ एवं सत्संग कार्यक्रम हुआ। पूज्य सिंधी समाज के कार्यकारी अध्यक्ष अशोक कुमार वाधवानी एवं उनके पुत्र रवि वाधवानी द्वारा आयोजन किया गया। प्रेम प्रकाश मण्डल के भगत प्रकाश महाराज ने आचार्यश्री के महामंत्र सत नाम साक्षी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आचार्य श्री ने यह महामंत्र देकर सम्पूर्ण जगत का कल्याण किया है। दुखों की निवृति एवं परमानंद की प्राप्ति के लिए सरल साधन इस सत नाम साक्षी को बताया है। इस मंत्र के द्वारा सारे काम सिद्ध होते हैं। इस मंत्र के द्वारा ज्ञान का प्रकाश होते देर नहीं लगती। ज्ञान होते ही अंधकार दूर हो जाता है। गुरु महाराज की एकनिष्ठता से एवं सादगी भरे जीवन से एवं उनके थोड़े में ही संतुष्ट होने के सद्गुण से प्रभावित होकर सभी भक्तों के मन में आचार्य श्री की प्रेरणा से छप्पन भोग के स्थान पर केवल एक फल अनानास को छप्पन भोग के रूप में तय किया गया। सभी भक्तों द्वारा लाए गए 700 से भी अधिक अनानास के फलों को सजाकर गुरु महाराज को भोग लगाया गया।

# सिहावा में बोल उठे चित्र, साक्षात महादेव ने दिए दर्शन, श्रृंगी ऋषि के साथ वन्य जीवों का कौतुहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी


छत्तीसगढ़ की जीवनदायिनी महानदी इन दिनों सजने संवरने लगी है। जिले के सिहावा में मां अभियान के तहत छत्तीसगढ़ की जीवनदायिनी महानदी को जिला प्रशासन द्वारा संवारने का काम शुरू हो गया है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के नेतृत्व और लम्बी कार्ययोजना के तहत सिहावा में महानदी के उद्गम स्थलों पर जिला प्रशासन द्वारा अनेकों काम करवाये जा रहे हैं। लेकिन इन दिनों श्रृंगी ऋषि पर्वत स्थित गणेश घाट में चट्टानों पर बनाई गई सुंदर धार्मिक व प्राकृतिक चित्रकारी पर्यटकों को अपनी ओर खींच रही है, अब यह सेल्फी पॉइंट बन गया है।


छत्तीसगढ़ की जीवनदायिनी महानदी अब एक नए रूप में सजने-संवरने जा रही है। वनांचल सिहावा में स्थित महानदी के उद्गम स्थल श्री गणेश घाट में मां महानदी जागरूकता अभियान के तहत सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार का काम शुरू हो चुका है। सिहावा-नगरी महानदी के उद्गम स्थल को सजाने-संवारने का कार्य जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। इसके तहत चट्टानों पर आकर्षक चित्रकारी करवाई जा रही है। गणेश घाट स्थित मंदिर के पास पहाड़ियों की चट्टानों पर धार्मिक और प्राकृतिक जीवन को दर्शाते हुए रंग-बिरंगे आकर्षक चित्र उकेरे जा रहे हैं। इनमें श्रृंगीऋषि और सप्त ऋषियों की छवियां, वन्यजीव जैसे भालू, बाघ, तेंदुआ, हाथी, नीलगाय, बंदर और वन भैंसा, वृक्ष, फूल-पत्तियां और विदेशी पक्षियों की तस्वीरें, भगवान भोलेनाथ और नंदी की चित्रकारी की जा रही है। यह पेंटिंग्स महानदी उद्गम स्थल सिहावा-नगरी के धार्मिक महत्व को तो उजागर करती ही है, इसके साथ ही यहां की स्थानीय जैव विविधता को भी दर्शाती हैं। इन सुंदर चित्रों की वजह से आज यह क्षेत्र पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए एक नया आकर्षण केंद्र बन गया है। लोग यहां सेल्फी लेने, तस्वीरें खींचने और दर्शन करने बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। जिला प्रशासन ने इन आकर्षक पेंटिंग्स को बनाने के लिए बिलासपुर के प्रसिद्ध आर्ट कलाकर लक्ष्मण की सेवाएं ली हैं। इन्हीं कलाकारों ने जगदलपुर रोड में केशकाल घाटी में भी आकर्षक तस्वीरें बनाई हैं। यही कलाकार इस बार सिहावा के पहाड़ों-चट्टानों में करीब 20 हजार फीट पेंटिंग बनाकर उन्हें नया रूप दे रहे हैं।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने बताया कि जिला प्रशासन महानदी उद्गम स्थल के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के लिए मां अभियान चला रहा है। महानदी के उद्गम स्थल नगरी-सिहावा और उसके बाद के लगभग 30 किलोमीटर एरिया में नदी की सफाई, नदी तटों की सफाई, पौध रोपण से लेकर सौंदर्यीकरण के कई काम कराए जा रहे हैं। कलेक्टर ने कहा कि नदी और आसपास की चट्टानों तथा श्रृंगीऋषि पर्वत की चट्टानों पर आकर्षक पेंटिंग इन्हीं कामों का हिस्सा है, जिससे इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है। कलेक्टर ने यह भी बताया कि महानदी उद्गम स्थल कॉरीडोर के तहत कर्णेश्वर धाम में हजारों वर्ष पुराना मंदिर, गणेश घाट भी हैं, जिनकी अलग ही धार्मिक मान्यता है। जिला प्रशासन इसे मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक की तर्ज पर विकसित करने का प्रयास कर रहा है।

## मां अभियान से संवरने लगी जीवनदायिनी महानदी









# बालगृह हटकेशर में बालकों के साथ प्रताड़ना का आरोप

- कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणों ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बालक बालगृह हटकेशर में बालकों के साथ प्रताड़ना एवं दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है। कुछ साल पहले भी यहां के बालकों ने प्रताड़ना के खिलाफ सड़क पर प्रदर्शन किया था।

ग्राम सिर्री के एक व्यक्ति के साथ कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणों ने शिकायत की है कि उस व्यक्ति की पत्नी का देहांत हो गया है। आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण उसने अपने 13 वर्ष के बेटे को हटकेशर स्थित बालक बालगृह में भर्ती कराया था। उक्त व्यक्ति ने बताया कि बालगृह के अधीक्षक तथा प्रतिज्ञा संस्थान के प्रमुख ने उसे फोन कर बताया कि उसका बेटा नशापान करता है। उसे बच्चे को बालगृह से ले जाने को कहा। बालगृह से अपने बेटे को वापस लाने के बाद पता चला कि बालगृह में बच्चे के साथ मारपीट और प्रताड़ित किया जाता है। उन्होंने बालगृह अधीक्षक एवं प्रतिज्ञा संस्थान के प्रमुख के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### ब्लेड से गला काटने का मामला दबाया

उसने बताया कि सालभर पहले उसके बेटे ने ब्लेड से अपना गला रेत लिया था लेकिन उसे इसकी जानकारी दी गई। बेटे को घर लाने के बाद पता चला कि उसका बेटा उससे फोन पर बात करना चाहता था लेकिन उसे फोन पर बात नहीं करने दिया गया। प्रताड़ना से परेशान होकर उसे अपना गला ब्लेड से काट लिया। बालगृह में कभी भी बड़ी घटना घट सकती है।

### जांच कर कार्रवाई की जाएगी

बाल संरक्षण अधिकारी आनंद पाठक ने बताया कि बालगृह में बच्चे द्वारा अपना गला काटने के संबंध में उसे कोई जानकारी नहीं है। मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# शाला प्रवेश उत्सव में छात्राओं ने सुनाई स्वरचित कविताएं

- भटगांव में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

समरसता भवन भटगांव में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस मौके पर 70 से अधिक नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। छात्राओं ने स्वरचित कविता पढ़कर सबका दिल जीत लिया। शासकीय माध्यमिक शाला भटगांव, प्राथमिक शाला, उन्नयित प्राथमिक शाला एवं संकुल केंद्र रूद्री के संयुक्त आयोजन में अतिथियों ने छात्रों को बेहतर भविष्य निर्माण के लिए टिप्स दिए। पालकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए खुद भी प्रयास करें। अतिथियों ने रुद्री बिंद्रानवागांव और भटगांव के कक्षा पहली, छठवीं एवं नवमी के नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को गुलाल का टीका लगाकर और मुंह मीठा करा स्वागत किया। छात्रों को यूनिफॉर्म एवं पाठ्य पुस्तकें दी गई। संकुल समन्वयक गोविंदराम मैनपाल ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद सदस्य रुद्री अनीता यादव थीं। अध्यक्षता जनपद सदस्य भटगांव जयंती ध्रुव ने की। विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत सरपंच फागूराम साहू, रुद्री सरपंच लक्ष्मी बयां, जनपद सदस्य खिलेंद्र कुमार ध्रुव, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष मुकेश यादव, भीम साहू थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक तामेश्वर साहू व आभार प्रदर्शन संकुल प्राचार्य दीप्ति ध्रुव ने किया।



# कलारतराई में शाला प्रवेशोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कलारतराई में शाला स्तरीय सह संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान का आयोजन किया गया, जिसमें जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मोनिका देवांगन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जनपद पंचायत सदस्य गोपाल साहू ने की। इस अवसर पर कक्षा पहली एवं छठवीं के नवप्रवेशी छात्रों को मिठाई खिलाकर एवं तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया। साथ ही शासन द्वारा प्रदत्त गणवेश एवं पाठयपुस्तक वितरित किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला प्रबंधन समिति कलारतराई के द्वारा श्रीमती मोनिका देवांगन को शाला से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु मांग पत्र सौंपा।

मुख्य अतिथि श्रीमती देवांगन ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया और अनुशासन हेतु प्रेरित किया और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने के लिए नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व विकास और समाज में योगदान देने के लिए भी है। श्रीमती देवांगन ने शाला समिति द्वारा दिए मांग पत्र पर संज्ञान लेते हुए शीघ्र ही संबंधित सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण कराने हेतु आश्वस्त किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व जनपद सदस्य गोपाल साहू ने शिक्षकों की मेहनत की प्रशंसा करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट किया तथा उपस्थित माताओं एवं पालकों को अपने बच्चों के शिक्षा में गुणात्मक वृद्धि के लिए नियमित रूप से पठन पाठन हेतु समय देने की बात कही।

इस अवसर पर मा.शा. बंजारी के प्रधानपाठक संतोष साहू, शिक्षक मनोज कुटारे, मा.शा. परसुली के वरिष्ठ शिक्षक पालनहार मेश्राम भी उपस्थित रहे। इसके अलावा शाला विकास समिति हाईस्कूल के अध्यक्ष निर्मल साहू, माशा कलारतराई के अध्यक्ष गजेन्द्र साहू, प्रा.शा. के अध्यक्ष रवि सेन, ग्राम पंचायत कलारतराई के उपसरपंच माधवेन्द्र साहू, संकुल समन्वयक एवं मा.शा. कलारतराई के प्रधान पाठक सतीश साहू, शिक्षक प्रकाश निर्मलकर, सुनदास चतुर्वेदी, जितेंद्र रामटेके, टुलेश्वर मेश्राम, शिक्षिका श्रीमती रुपा झा, श्रीमती मित्तू मंडावी और श्रीमती गीता नेताम भी उपस्थित थे। हाईस्कूल कलारतराई के प्राचार्य पटेल सर ने भी इस अवसर पर वक्तव्य दिये। कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक रामकुमार साहू ने किया।इस अवसर पर शिवकुलेश्वर साहू, चंद्रहास साहू, कोमल साहू ग्राम कलारतराई के पंचगण, सदस्य शंकरलाल मार्कण्डेय, चंद्रहास साहू एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



### आदिवासी महानायक बिरसा मुंडा की जीवनी से अवगत हुए छात्र

**धमतरी।** धरती आबा जनजागरुकता कार्यक्रम का आयोजन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में किया गया। पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति जागरूकता और आदिवासी महानायक बिरसा मुंडा के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रेरणादायक भाषण, नाटक, समूह गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिनमें पर्यावरणीय चेतना एवं आदिवासी संस्कृति की झलक देखने को मिली। इस अवसर पर प्राचार्य ने धरती की रक्षा के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।



## खबर संक्षेप



### बगदेही में हिंदू जागरण मंच का गठन

**धमतरी।** हिन्दू जागरण मंच अपने संगठन विस्तार कार्य को गति प्रदान करने में निरंतर लगा हुआ है। इस अवसर मोहनलाल साहू राष्टीय स्वयंसेवक संघ प्रांत सह सेवा प्रमुख संघ ने युवाओं को संबोधित किया। जिला संयोजक पुरुषोत्तम निषाद, जिला सहसंयोजक डाकेश्वर साहू, चित्रेश साहू, प्रतीक सोनी, युवा संपर्क सारांश ठाकुर, आदित्य साहू, कुरूद खंड सहसंयोजक सोमप्रकाश साहू ने अपने संघ का विस्तार करते हुए बगदेही में हिन्दू जागरण मंच का गठन किया। संयोजक जितेश निर्मलकर , सहसंयोजक पुलकित तारक, निखिल कुमार साहू बनाए गए। सदस्यों में निरंजन साहू, तेजेस्वर कुमार, सूरजमणि साहू, सोनू कुमार, जितेंद्र कुमार, लुकेश्वर साहू, अंगेश्वर साहू, फलेंद्र साहू, प्रदीप कुमार, भैयालाल, रूपभान, हरेंद्र, तोमेश, तेजेश्वर कुमार, हिमेश साहू, निखिल कुमार, उदय निर्मलकर, दुमेश्वर, प्रीतम मंडावी, पुलकित तारक, मेघराज साहू, राहुल कुमार, पितेश कुमार, कामता साहू, कुणाल साहू, सुशांत दानी, नोहर साहू, जितेश निर्मलकर, संतोष निर्मलकर शामिल हैं।

### नवप्रवेशी विद्यार्थियों को खिलाई गई खीर पूड़ी



**नगरी।** प्राथमिक शाला सारंगपुरी (करैहा) में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। नवप्रवेशी विद्यार्थियों को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। गणवेश, कापी, पेन एवं पाठ्य पुस्तक प्रदान कर सभी को खीर पूड़ी खिलाई गई। ग्राम सभा की ओर से अच्छे अंक लाने वाले छात्र -छात्राओं को प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राधेश्याम नेताम सरपंच करैहा थे। प्रधान पाठक बीके सलाम ने स्वागत उद्बोधन दिया। शिक्षा विभाग की योजनाओं को अतिथियों के समक्ष रखा गया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष सुखराम नेताम, ग्राम सभा अध्यक्ष किसन कुमार नेताम, राजेन्द्र नेताम, मोहित साहू, चन्द्रभान साहू, भेवेन्द्र साहू, गुलशन साहू, नोहर मरकाम, कोमल नेताम, कार्तिक नेताम, द्वारका प्रसाद नेताम, संतोष कांगे, डिगेश कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### अर्जुनी में मन की बात सुनी गई

**धमतरी।** ग्राम पंचायत अर्जुनी में सरपंच श्रीमती इंदु मोहित ध्रुव के निवास में मोदी के मन की बात सुनी गई। मौके पर पूर्व जिला महामंत्री कालीदास सिन्हा, बूथ अध्यक्ष मौरजध्वज सिन्हा, उपसरपंच लाकेश सिन्हा, पंचगण लक्ष्मीनारायण सिन्हा, पित्ती ध्रुव, राधिका गौतम, उग्रसेन सिन्हा, गुरुदयाल सेन, कमलनारायण सिन्हा, दीपक मरकाम समेत अन्य उपस्थित थे।

निर्माण, अवसान तिथि, निर्माता का अता-पता नहीं

# शहर में नकली जूस, आइसक्रीम, चायपत्ती, चाकलेट धड़ल्ले से बिक रहे



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

खाद्य विभाग की लगातार दबिश, छापामार कार्रवाई, जुर्माना के बाद भी शहर की दुकानों में नकली जूस, चायपत्ती, आइसक्रीम, चाकलेट, मिक्चर, कुरकुरे, चिप्स, पीपरमेंट, स्नेक्स, बिस्किट्स, पापड़, टॉमेटो सॉस, चटनी, अचार की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है जिसमें निर्माण तिथि, अवसान तिथि, निर्माता का नाम, पता अंकित नहीं है। खाद्य विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई कर ऐसे मिथ्या छाप नकली खाद्य पदार्थों के खिलाफ न्यायालय में केस दायर किया गया है। इसके बाद भी ऐसे सामान का बिकना बंद नहीं हुआ है।

एक दुकानदार ने बताया कि ऐसे सामान की मांग ज्यादा होती है। पढ़े लिखे लोग भी सस्ता के चक्कर में खरीदकर खाते हैं। ब्रांडेड सामान की कीमत डबल, ट्रिपल है। मुश्किल से 5 से 8 प्रतिशत ही उपभोक्ता ब्रांडेड चीज खरीदते हैं। बाकी 90 से 95 प्रतिशत उपभोक्ता लोकल उत्पादन सामान खरीदते हैं। उपभोक्ता स्वयं ऐसी चीजों की डिमांड करते हैं और उल्टे शिकायत भी वे ही करते हैं।

### लगातार हो रही कार्रवाई

इधर खाद्य विभाग के निरीक्षक फनेश्वरनाथ पिथौरा ने कहा कि जिले में लगातार छापामार कार्रवाई हो रही है। मिथ्याछाप सामान के खिलाफ न्यायालय में केस दायर किया जा रहा है। कार्रवाई के लिए सभी ब्लाक में टीम का गठन किया गया है। चलित प्रयोगशाला के माध्यम से तत्काल सामान की जांच पड़ताल की जाती है। पूरे जिले में 1000 से अधिक दुकानों में दबिश देकर कार्रवाई की गई । बारिश में भी लगातार कार्रवाई चलेगी।

### मिथ्याछाप सामान को बाजार से बाहर फेंके

शहर के वरिष्ठ नागरिक परिवर्तित नाम रमेश, सुरेश, जितेंद्र आदि का कहना है कि शहर के कुछ दुकानदार ज्यादा पैसा कमाने के चक्कर में मिथ्याछाप सामान सस्ते में बेचकर उपभोक्ताओं ककी जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। दुकानों और कंफेश्नरी स्टोर्स, डेलीनिड्स सेंटर में 50 से 80 प्रतिशत सामान में निर्माण तिथि, अवसान तिथि, निर्माता का नाम नहीं लिखा रहता। आईएसआई, एफएसआईआई मार्का भी नकली होता है। ऐसे सामान की कीमत ब्रांडेड से एक चौथाई ही रहती है। जिला प्रशासन, निगम प्रशासन, जनप्रतिनिधि, खाद्य विभाग, पुलिस विभाग एक संयुक्त टीम बनाकर लगातार कार्रवाई करे। मिथ्याछाप सामान को बाजार से बाहर करें। सड़क किनारे ठेले में बिकने वाला सामान भी नकली है। लोग फूड कलर, केमिकल, शैकरिन, नकली मावा खा रहे हैं।

### केमिकल का उपयोग धड़ल्ले से

फूड कलर के लिए गाय छाप, मोर छाप, गणेश छाप आदि नाम के कलर 10 से 12 रूपए में मिल रहे हैं जो केमिकलयुक्त है। इसके सेवन से तमाम रोग होते हैं। जलेबी, मिठाई, बिरयानी, शर्बत, कोला, जूस, शेक आदि में मिलाकर लोगों को पिलाया जा रहा है। पानी के नाम पर बोतलबंद नकली पानी 20 रुपए में बेचा जा रहा है। पुलाव में रंगबिरंगे कलर, ब्रेड, टोस्ट, डबलरोटी, पावभाजी आदि में नकली कलर सेंट मिलाया जा रहा है। केक के नाम पर लोगों को पाम आयल, वनस्पति घी खिलाया जा रहा है। मसाले के नाम पर लकड़ी का बुरादा, पत्तियों और तने की पीसी हुई सामग्री दी जा रही है। मिलावट तेल मिल रहा है। रेस्टोरेंट में ग्रेवी के नाम पर सूखे टोस्ट मिलाए जा रहे है। बोतलबंद जूस सिर्फ आर्टिफिसियल पानी है जिसे अधिक दाम में खरीद रहे हैं।

# डॉ. सुरेंद्र ने छत्तीसगढ़ी और हिंदी साहित्य को दिया नया आयाम

- जिला हिन्दी साहित्य समिति ने हास्य व्यंग्य के सुप्रसिद्ध कवि को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिला हिन्दी साहित्य समिति ने हास्य व्यंग्य के सुप्रसिद्ध कवि पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे को साहित्य भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर समिति के संरक्षक सुरजीत नवदीप ने कहा कि डॉ. सुरेन्द्र दुबे अपनी मनोरंजक कविताओं और तीखे व्यंग्य के जरिए छत्तीसगढ़ी और हिंदी साहित्य को नया आयाम दिया। वे केवल हास्य नहीं फैला रहे थे बल्कि सामाजिक मुद्दों को चुटीले अंदाज में सामने ला रहे थे। उनकी मौत से देश की हास्य कविता एवं व्यंग्य परंपरा को बड़ा नुकसान हुआ। गोपाल शर्मा ने कहा हिन्दी व छत्तीसगढ़ी के हास्य व्यंग्य के पुरोधा कवि डॉ. सुरेन्द्र दुबे का परम धाम जाना साहित्यिक बिरादरी एवं प्रदेशवासियों को गहरे शोक में डुबो गया है। साहित्य समिति के अध्यक्ष डुमन लाल ध्रुव ने कहा कि अपने साहित्यिक योगदान, सामाजिक सेवा एवं विनम्र स्वभाव के लिए जनमानस में सम्मानित थे। उनका निधन साहित्य, संस्कृति और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। चन्द्रशेखर शर्मा ने काव्य के माध्यम से भाव व्यक्त किया- कविता कभी नहीं मरती, गीत कभी नहीं मरते, जब तक जिंदा रहती कविता कवि भी जिंदा रहता है। डॉ. भूपेन्द्र सोनी ने कहा कि डा. सुरेन्द्र दुबे लोगों के बीच अपनी मुस्कान बांटते रहे और आज हमारी आंखें नम कर गये। दीप शर्मा ने कहा कि वे अपनी कविताओं के माध्यम से समाज की विसंगतियों पर गहरी चोट करते थे और लोगों को गुदगुदाने के साथ साथ सोचने पर भी मजबूर कर देते थे। आकाशगिरी गोस्वामी ने कहा कि डॉ. सुरेन्द्र दुबे का निधन संपूर्ण साहित्य जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। मौके पर मदनमोहन खंडेलवाल, डॉ. सरिता दोशी, कामिनी कौशिक, डॉ. रचना मिश्रा, माधुरी डड़सेना, माधुरी मार्कण्डेय, कुलदीप सिन्हा, नरेशचंद्र श्रोती, पवन प्रेमी, डॉ. विजय पंजवानी, डॉ. राकेश सोनी, राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा, राकेश दीवान, चन्द्रहास साहू, दीपचंद भारती, अखिलेश श्रीवास्तव, लोकेश प्रजापति ने विचार व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट की।

# मारपीट व हत्या के मामले में सात आरोपी गिरफ्तार

- कोड़ेबोड़ में शराब पीने को लेकर हुआ था विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



ग्राम कोड़ेबोड़ में हुई सामूहिक मारपीट व हत्या के मामले में बिरेझर पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार बिसनी बाई नवरंगे ग्राम कोड़ेबोड़ पुलिस चौकी बिरेझर ने शिकायत दर्ज कराई है कि शनिवार की रात्रि गांव के सत्यम नागरची एवं करण यादव ने शराब पीने को लेकर विवाद शुरू किया था। विवाद के चलते उसके बड़े बेटे रमेश नवरंगे के साथ दोनों की झड़प हुई। उसके बाद देर रात्रि लगभग 1 बजे गांव के रामखिलावन नेताम, टोकेश साहू, करण यादव, रितिक गाड़ा, लोकेश ध्रुव, सत्यम नागरची एवं ग्राम मरौद के टेकराम सतनामी ने लाठी, ठंडा व चाकू लेकर उसके घर में घुस परिवारवालों पर हमला कर दिया। हमले में उसका पति कोमल नवरंगे गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मारपीट में बिसनी बाई, उसके पुत्र व बहू को गंभीर चोट लगी है। घायलों का शासकीय अस्पताल कुरूद में उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही एसपी सूरजसिंह परिहार ने मामले में तत्काल कार्रवाई करने बिरेझर पुलिस को निर्देशित किया। पुलिस ने शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम की कार्रवाई की। वहीं पीड़िता बिसनी बाई की शिकायत पर गंभीर धारा 296-ख, 115-2, 351-2, 103-1, 191-1, 191-3, 331-8 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपी सत्यम नागरची पिता केशव 24 वर्ष, रामखिलावन उर्फ राजा नेताम पिता फूलसिंह 32 वर्ष, लकेश ध्रुव पिता कुम्भकरण 28 वर्ष, टोकेश साहू पिता लक्ष्मीनारायण 26 वर्ष, करण यादव पिता प्रदीप 20 वर्ष, रितिक गाड़ा पिता रोहित सागर 22 वर्ष सभी ग्राम कोड़ेबोड़ चौकी बिरेझर निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया है।

# कांग्रेसियों ने किया पीसीसी उपाध्यक्ष का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष व खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन का कांकेर प्रवास के दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर क्र. 2 अध्यक्ष योगेश शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर गीतराम सिन्हा, अविनाश मरोठे, आशुतोष खरे, दीपक साहू, विशु देवांगन, मोहन ध्रुव, नवीन गजेन्द्र, श्रवण साहू, अमित बाघमरिया, सूरज पासवान, तारिक रजा कादिरी, मानिक साहू, वीरू महाजन समेत अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों को बताया, जीवन में शिक्षा का महत्व

- प्राथमिक व माध्यमिक शाला बिजनापुरी में मना संकुलस्तरीय शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला बिजनापुरी के तत्त्वावधान में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कक्षा पहली व छठवीं के नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल लगाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। पुस्तकें व गणवेश बांटा गया। मुख्य अतिथि हेमलाल ध्रुव सरपंच थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य निकेश कुम्भकार ने की। विशिष्ट अतिथि लोमप्रकाश सोनवानी संकुल समन्वयक, खेमलाल साहू उपसरपंच, दिनेश कुमार कोसरिया प्रधानपाठक नवीन प्राशा छाती, उपेंद्र कुमार साहू प्रपा माध्यमिक शाला सरसोंपुरी, गोविन्द राम साहू प्रपा प्राशा बिज़नापुरी, गोपीकृष्ण निर्मल प्रपा प्राशा सरसोंपुरी, खिलावन ध्रुव प्रपा माध्यमिक शाला बिज़नापुरी, श्रीमती निकहत फातिमा प्रपा माध्यमिक शाला सेनचुवा, रमेश कुमार साहू प्रपा प्राशा सेनचुवा, श्रीमती ललिता नेताम प्रपा प्राशा छाती, गोविन्द कुमार साहू सहायक शिक्षक, श्रीमती अनुसुइया देवांगन, श्रीमती उषा सेन शिक्षक, श्रीमती सुषमा देवांगन, श्रीमती कंचन साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति माध्यमिक शाला बिज़नापुरी, नरेन्द्र कुमार साहू अध्यक्ष शाला प्रब.समिति प्राथ.शा.बिज़नापुरी, गैंदलाल ध्रुव पंच, रमेश कुमार साहू शिक्षक, सेवकराम खरे व्याख्याता थे। इस दौरान प्राचार्य, सरपंच व सभी प्रधानपाठकों ने बच्चों को शिक्षा का महत्व बताया। आभार व्यक्त संकुल समन्वयक लोमप्रकाश सोनवानी ने किया। कार्यक्रम का संचालन कौशल कुमार चन्द्राकर सहायक शिक्षक प्राशा बिजनापुरी ने किया।

# निगम के जल टेक्निशियनों ने पानी का पीएच मानक, टीडीएस चेक किया

- रामबाग क्षेत्र एवं पानी टंकी नंबर चार के पानी की जांच हुई, पानी पीने लायक मिला
- सप्ताह भर के अंदर सभी वार्डों में पानी चेक करने शिविर लगेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नगर पालिक निगम के जल टेक्निशियनों ने जल विभाग के अध्यक्ष एमआईसी मेम्बर व पार्षद अखिलेश सोनकर के निर्देश पर शहर के विभिन्न वार्डों का पानी चेक कर पीएच मानक व टीडीएस की जानकारी ली जिसमें पानी का मानक टीडीएस सही पाया गया। सोमवार को रामबाग क्षेत्र व पानी टंकी नम्बर चार का पानी का सैंपल लिया गया जिसमें टेक्निशियनों ने जांच में पाया कि पेयजल पूरी तरह शुद्ध है। वार्ड पार्षद एवं एमआईसी मेंबर अखिलेश सोनकर ने बताया कि वार्डों में पानी चेक करने के लिए टीम गठित की गई है। वार्ड वासी चाहे तो बोतल में पानी का सैंपल नगर निगम कार्यालय में लाकर जमा कर सकते हैं जिसे बाद में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के टेक्निशियनों द्वारा जांच की जा रही है। इसके अलावा वार्डों में तैनात ऑपरेटर भी पानी जमा कर सकते हैं।

महापौर रामू रोहरा ने भी शहरवासियों से आग्रह किया है कि बारिश के मौसम में दूषित पानी का सेवन न करें। निगम द्वारा प्रदाय शुद्ध पेयजल का ही प्रयोग करें। अगर पानी पीने योग्य नहीं है उसका सेंपल निगम कार्यालय में लाकर जमा करें। तत्काल पानी की जांच हो जाएगी।

एमआईसी मेंबर अखिलेश सोनकर ने बताया कि बारिश का मौसम है, इसलिए सबसे जरूरी है लोगों को शुद्ध पेयजल प्रदान करना। बारिश के मौसम में दूषित पेयजल शरीर के लिए नुकसानदायक है। निगम द्वारा प्रदाय पानी पूरी तरह शुद्ध है। श्री सोनकर ने बताया कि सप्ताह के अंदर सभी वार्डों में पानी चेक करने के लिए शिविर लगाया जाएगा। फिलहाल विंध्यवासिनी वार्ड के रामबाग क्षेत्र एवं पानी टंकी नंबर चार के पानी की जांच की गई । टेक्नीशियन ने बताया कि पानी पूरी तरह शुद्ध है। पीने लायक है।

700 से अधिक किसान और स्वसहायता समूह के सदस्य हुए शामिल

# कम लागत पर कृषि उत्पादन में वृद्धि करने के तरीके बताए

- संबलपुर में हुआ एग्री क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



किसानों, महिला स्व सहायता समूहों और ग्रामीण उद्यमियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से बैंक ऑफ बड़ौदा भोथली शाखा के तत्वावधान में ग्राम संबलपुर में मेगा एग्रीक्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बैंक द्वारा विभिन्न ऋण उत्पादों के लिए किसानों, महिला स्वसहायता समूहों और उद्यमियों को क्षेत्र की सभी शाखाओं की सक्रिय भागीदारी से लगभग 50 करोड़ रूपये से अधिक की राशि स्वीकृति दी गई। कार्यक्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा रायपुर के दिवाकर प्रसाद सिंह, सहायक महाप्रबंधक बानाम्बर बेहरा, कृषि एवं प्राथमिका क्षेत्र प्रमुख मृत्युंजय खटुआ, अग्रणी बैंक प्रबंधक इंदर कुमार टिलवानी, निदेशक, बड़ौदा आरसेटी यज्ञेश्वर सामल सहित 700 से अधिक किसान, महिला स्वसहायता समूह के सदस्यों सहित उद्यमी शामिल हुए।

कार्यक्रम में रायपुर से आए अधिकारियों ने किसानों और स्वसहायता समूह की महिलाओं से चर्चा की और उनकी समस्याओं का समाधान किया। बैंक के माध्यम से उपलब्ध विभिन्न कृषि- वित्तपोषण योजनाओं और सहायता की जानकारी भी दी गई। वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र डॉ. ईश्वर सिंह ने कम लागत पर कृषि उत्पादन में वृद्धि करने के तरीकों और आधुनिक कृषि पद्धतियों के बारे में बताया। मेगा एग्रीक्रडिट आउटरिच कार्यक्रम में किसान क्रेडिट कार्ड, कृषि मशीनीकरण ऋण, डेयरी से संबंधित वित्त सहायता के बारे में बताया गया और विभिन्न कृषि ऋण योजनाओं के तहत स्वीकृति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इसके अलावा क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बड़ौदा मेधावी सम्मान योजना के तहत जिले के मेधावी विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में इंदु फाउंडेशन रायपुर से आए लोक कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से साइबर फ्रॉड, वित्तीय एवं बैंकिंग साक्षरता सहित बैंक के विभिन्न उत्पादों की प्रस्तुति दी और छत्तीसगढ़ लोकगीतों से भी मन मोहा। मेगा एग्रीक्रेडिट कार्यक्रम में ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान के प्रशिक्षुओं और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, सदस्यों द्वारा बनाए गए उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर विभिन्न गोल्ड लोन उत्पादों को बढ़ावा देने और प्रचार-प्रसार के लिए उपस्थित अतिथियों द्वारा गोल्ड वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।



